# उदय प्रताप कालेज, वाराणसी
(स्वायत्तशासी संस्था)

दिनांक 27.03.2023

## सूचना

सूचित किया जाता है कि बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0 प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के प्रथम सेमेस्टर की सैद्धान्तिक परीक्षायें हो चुकी हैं। इन विद्यार्थियों की शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स हेतु कक्षायें दिनांक 10.04.2023 से संचालित की जायेंगी। अतः उक्त को दृष्टिगत रखते हए सम्बन्धित विभागाध्यक्ष प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षायें / मौखिकी दिनांक 09.04.2023 तक अवश्य सम्पन्न करा लें।

प्राचार्य

# उदय प्रताप कालेज, वाराणसी

(स्वायत्तशासी संस्था)

दिनांक: 27.03.2023

## सूचना

बी0एड0 एवं कृषि संकाय के समस्त विभागाध्यक्षों को सूचित किया जाता है कि स्नातक कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के प्रथम सेमेस्टर के छात्र शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स हेतु शिक्षा एवं कृषि संकाय के विभागों में भी आवण्टित किये जायेंगे। शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स की कक्षायें दिनांक 10.04.2023 से संचालित की जानी है। अतः आपसे अनुरोध है कि पूर्व सूचना दिनांक 21.03.2023 के अनुपालन में समयान्तर्गत शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स का पाठ्यक्रम तैयार कर यू0जी0सी0 सेल में अवश्य उपलब्ध करा दें।

प्राचार्य

उदय प्रताप कालेज, वाराणसी
(स्वायत्तशासी संस्था)
नैक पुनर्मूल्यांकित 'B' ग्रेड

Udai Pratap College, Varanasi
(Autonomous Institution)
NAAC Re-accredited 'B' Grade

College with Potential for Excellence, DST-FIST & DBT-Star College
Mob: 9389270894 Fax- 0542-2282399, email: principalupc@gmail.com, Website: www.upcollege.ac.in


दिनांक 21.03.2023

## सूचना

महाविद्यालय में विद्यार्थियों को अपना पाठ्यक्रम पढ़ने के साथ–साथ उनकी अपनी रूचियों एवं अभिरूचियों को विकसित करने, अन्तर अनुशासनात्मक कौशल विकसित करने एवं रोजगार कौशल में सुधार करने के लिए कक्षा के घण्टों के बाद या सेमेस्टर ब्रेक के दौरान शार्ट–टर्म सर्टिफिकेट कोर्स (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक मिलाकर कुल 30 घण्टे का) संचालित किये जाने हैं।

उक्त के सम्बन्ध में समस्त विभागाध्यक्षों को सूचित किया जाता है कि इस सत्र में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के बाद शार्ट–टर्म सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किया जाना है।

अतः सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने विभाग से सम्बन्धित शार्ट–टर्म सर्टिफिकेट कोर्स का सेलेबस तैयार कर विभागीय सहयोगियों द्वारा हस्ताक्षरित तथा संकायाध्यक्ष द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराकर विलम्बतम् एक सप्ताह के अन्दर यू0जी0सी0 सेल कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे शार्ट–टर्म सर्टिफिकेट कोर्स द्वितीय सेमेस्टर के आगामी विद्यार्थियों हेतु शुरू किया जा सके।

प्राचार्य

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. माननीय सचिव महोदय, गवर्निंग बाडी, उदय प्रताप कालेज, वाराणसी
2. समस्त संकायाध्यक्ष, उदय प्रताप कालेज, वाराणसी।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, उदय प्रताप कालेज, वाराणसी।
4. संयोजक, आई.क्यू.ए.सी., उदय प्रताप कालेज, वाराणसी।
5. प्रभारी, यू0जी0सी0 सेल, उदय प्रताप कालेज, वाराणसी।

प्राचार्य